जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

23 मई 2023

देश विदेश में प्रसिद्ध कलाकार दिखायेगे अद्भुत कलाओं का जलवा श्री विष्णु महायज्ञ के आयोजन में

सुपसिद्ध कथावाचक श्री मदन मोहन जी महाराज के मुखारविंद से होगी राम कथा

बड़वाह- मां नर्मदा के पावन तट पर 24 मई को देशभर के अनेक तीर्थ क्षेत्रों के संत महंतों के चरण कमल जब इस पवित्र धरा को स्पर्श करेंगे। वहीं यहां आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ अमृत महोत्सव के आयोजन में रोजाना देश विदेश में विदेश में ख्याति प्राप्त कलाकार भी रोजाना अपनी अद्भुम कलाओं का प्रदर्शन करेगे । इसके साथ ही यहा आने हजारों भक्त रोजाना वृन्दावन के सुप्रसिद्ध कथावाचक संत श्री मदन मोहन जी महाराज के मुख्यारविंद से श्री रामकथा का श्रवण भी करेगें ।

सुंदरधाम आश्रम के गादीपति श्रीश्री 1008 संत श्री बालकदास जी महाराज व आश्रम के व्यवस्थापक संत श्रीश्री 108 नारायणदास जी महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री सुंदरदास जी महाराज की सद्प्रेरणा से आश्रम में 75वे श्री विष्णु महायज्ञ को दिव्य और भव्य अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमे सात दिवसीय धार्मिक समागम आयोजन के रूप में रहेंगे। साथ ही आश्रम में अखण्ड भंडारा भी रहेगा।

श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार 24 मई को संत महंतो की पेशवाई के रूप में निकलने वाले चल समारोह के साथ होगा। बड़वाह में नागेश्वर मंदिर से शासकीय कालेज तक निकाली जा रही पेशवाई धूमधाम से ढोल धमाकों की गर्जना के साथ निकाली जाएगी। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की 1100 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल समारोह में साथ चलेगी। पेशवाई में हाथी, घोडे, इंदौर के महावीर बैंड व अग्रसेन बैंड, बडनगर का जनता बैंड, राजकमल बैंड, नासिक की ख्याति प्राप्त महिला एवम पुरुषों की शिव गर्जना ढोल पार्टी, जलगांव व भुसावल की झांझ मजीरा पार्टी के साथ ही सुप्रसिद्ध भजन गायक गोपाल मिश्रा इंदौर की टीम भी पूरे चल समारोह में अपने सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देगी। चल समारोह में दो विशाल रथ रहेंगे जिसमे जगतगुरु व महामंडलेश्वर विराजित रहेंगे, इसी के साथ 11 रथ व 11 घोड़े बग्गिया भी रहेगी जिसमें भी संत महात्मा विराजित होकर भक्तों को आशीर्वाद देंगे।

यह कलाकार देंगे अपनी कला की प्रस्तुति

24 मई को बाबा श्री चित्र विचित्र जी महाराज (वृंदावन),

25 मई को अनामिका जी (जयपुर),

26 मई को श्री नरेश कुमार सैनी जी (दिल्ली),

27 मई को सुरभि चतुर्वेदी जी (जयपुर),

28 मई को पूनम दीदी (वृंदावन बरसाना),

29 मई को संजय जी महाजन (बड़वाह)

विष्णु महायज्ञ में यह होंगे सात दिवसीय आयोजन

-प्रतिदिन प्रातः 5 से 8 बजे तक मां नर्मदा जी का अभिषेक व पूजन,

-प्रातः 8 से दोपहर 3 बजे तक श्री विष्णु महायज्ञ,

-दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक श्री मदन मोहन जी महाराज जयपुर द्वारा श्री राम कथा,

-शाम 7 बजे तक धर्माचार्य एवं संत भगवान के आशीष वचन,

-शाम 7 बजे से मां नर्मदा जी की महाआरती,

-रात्रि 8 से 11 बजे तक भजन संध्या, भारतवर्ष के प्रमुख स्वर साधकों के द्वारा,

-30 मई (गंगा दशहरा) मंगलवार को दोपहर 3 बजे पूर्णाहुति तत्पश्चात महाभंडारा